भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2676 का उत्तर

नेमम टर्मिनल पर निर्माण कार्य का रोका जाना

2676. डॉ. शशि थरूर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नेमम टर्मिनल के निर्माण हेतु परियोजना की कुल लागत कितनी है;

(ख) रेल बोर्ड द्वारा इस परियोजना के लिए कुल कितनी निधि जारी की गई है;

(ग) क्या कंपनी को 22 करोड़ रुपए के कार्य का ठेका पहले ही दिया जा चुका है परन्तु केन्द्र सरकार ने केवल 7 करोड़ रुपए का भुगतान किया है;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि निर्माण की इष्टतम अवधि, दिसम्बर से मई वर्षा से मुक्त है, क्या निधि शीघ्र जारी नहीं की जा रही है जिससे परियोजना में विलंब होगा और मार्च, 2026 तक कार्य पूरा नहीं हो पाएगा; और

(च) यदि हां, तो उक्त टर्मिनल के निर्माण हेतु निधि जारी करने में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): वर्ष 2022-23 में दक्षिण रेलवे द्वारा प्रस्तुत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार 116.57 करोड़ रुपए की कुल लागत पर अप्रैल, 2023 में "नेमोम में नए कोचिंग टर्मिनल का विकास" का कार्य स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत डीपीआर के अनुसार नए कोचिंग

टर्मिनल का कार्य तथा स्वीकृत दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत अन्य संबंधित कार्य शुरू कर दिए गए हैं। लाइन बिछाने के लिए कटाव वाले क्षेत्र में मिट्टी संबंधी कार्य पूरा हो गया है तथा 2 गर्त लाइनों का कार्य शुरू कर दिया गया है।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, इस कार्य के लिए 10.10 करोड़ रुपए की धनराशि मुहैया कराई गई है। इसके अलावा, कार्य की प्रगति के अनुरूप निधियां उपलब्ध कराई जाएंगी.

*****